दिनांक: 11.06.2024 **समय:02.10PM**

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संकेत धुन

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं शेख मेहजबीं अल्मास

मोहन कैबिनेट बैठक **11.06.2024/02.10PM**

मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में मंत्री परिषद की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी, श्री विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक नें 24 हजार 420 करोड़ की सब्सिडी प्रदेश सरकार अलग अलग वर्ग के लोगों को देगी। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को 6000 करोड़ की सब्सिडी, सामान्य वर्ग के किसान को 13000 करोड़ की सब्सिडी, एससी-एसटी किसानों को 5000 करोड़ की सब्सिडी की मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक हजार 214 पद में आधे प्रमोशन से और आधे पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सक के साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ का सृजन होगा। भोपाल के गैस राहत हॉस्पिटल में डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में इस वर्ष को मनाया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री-राज्यमंत्री पदभार **11.06.2024/02.10PM**

शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने बाद श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। किसानों के कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएगी। सरकार और तेज गति से कार्य करेगी। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज संचार मंत्री का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभाग में एक क्रांति देखी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे कि वह प्रधानमंत्री के साथ-साथ भारत के

140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप काम करें। इस बीच, जगत प्रकाश नड्डा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्रालय और गजेंद्र सिंह शेखावत ने संस्कृति मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। जीतन राम मांझी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल ने कानून और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

नए कानून **11.06.2024/02.10PM**

देशभर में 01 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इसके संबंध में पुलिस प्रशासन को जानकारी देने का काम भी निरंतर जारी है। इस संबंध में बुरहानपुर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने आकाशवाणी से बात की।

जल गंगा संवर्धन-बुरहानपुर **11.06.2024/02.10PM**

बुरहानपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, पुनर्भरण हेतु पौधारोपण, सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आज खकनार जनपद के दर्यापुर में ताप्ती नदी के किनारे पर सफाई की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जनपद सीईओ सहित ग्रामवासियों ने आगे आकर श्रमदान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण निकायों में नालियों की साफ-सफाई भी की गई। साथ ही घर-घर जाकर कचरा संग्रहण भी किया जा रहा हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में 5 जून से अभियान संचालित किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार **11.06.2024/02.10PM**

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1- नीमच कलेक्टर दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद ने कल जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत स्व सहायता

समूह की महिलाओं को पौधे वितरित किए।

2- आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कल एक बैठक में अधिकारियों को शासकीय भवनों मे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कराने के निर्देश दिए।

3- नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी के खिलाफ बैतूल में एबीवीपी ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर सीबीआई जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

4- शिवपुरी में 12 जून को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा।

5- निवाड़ी के अतिथि शिक्षकों ने अतिथि शिक्षक महापंचायत में की गई घोषणाओं के आदेश जारी करने के लिए कल कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया।

इस बुलेटिन में इतना ही नमस्कार